कॉलेज में 31 तक जमा करा सकेंगे प्रवेश शुल्क

खानपुर @ पत्रिका. कस्बे के शहीद मुकुटबिहारी मीणा राजकीय महाविद्यालय में स्नातक पार्ट द्वितीय व तृतीय वर्ष में प्रवेश के लिए 31 जुलाई तक प्रवेश शुल्क जमा कराया जा सकता है। प्राचार्या उषा जैन ने बताया कि द्वितीय व तृतीय वर्ष की ऑनलाइन प्रवेश नवीनीकरण प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। इस के लिए सत्र 2021-22 में स्नातक प्रथम व द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत विद्यार्थी आगामी वर्ष में अस्थायी प्रवेश के लिए ई-मित्र केन्द्रों पर 31 जुलाई तक प्रवेश शुल्क जमा करा सकते हैं।

खानपुर कॉलेज में ऑनलाइन प्रवेश शुरू

खानपुर। शहीद मुकुट बिहारी मीणा राजकीय महाविद्यालय खानपुर में सत्र 2022-23 के स्नातक पार्ट द्वितीय व तृतीय वर्ष की ऑनलाइन प्रवेश की नवीनीकरण प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। विद्यार्थी प्रवेश आवेदन के लिए ई-मित्र पर महाविद्यालय वेबसाइट पर 31 जुलाई तक प्रवेश शुल्क जमा करा सकेंगे। यह जानकारी कार्यवाहक प्राचार्या उषा जैन ने दी।